## कोतवाली थाना अंतर्गत गांधीगंज में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के सूने मकान में चोरी

# 5 लाख रूपए नकदी सहित 30 तोला सोने व 5 किलो चांदी के जेवरात पार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले भर में सक्रिय चोर बदमाश आए दिन वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। चोरी, लूट के साथ ही वाहनों को पार किया जा रहा है। लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों से पुलिस गश्ती पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

इसी क्रम में कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधीगंज में चोरो ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सूने घर का फायदा उठाते हुए बदमाशों ने करीब 5 लाख रूपए नकदी रूपए सहित लाखों रूपए कीमती सोने चांदी के जेवरात भी पार कर दिये।

जानकारी के अनुसार गांधीगंज स्थित ट्रांसपोर्ट व्यवसाई के सूने मकान को बदमाशों ने निशाना बनाया। सूने मकान का ताला तोड़कर चोर वहां से लगभग लाखों रुपए के जेवरात और नगदी लेकर चंपत हो गए। घटना की जानकारी लगने के बाद कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।



रावत गली निवासी ट्रांसपोर्ट कारोबारी अनिल जैन का कहना है कि दो दिन पूर्व वे अपने परिवार सहित सागर स्थित अपने रिश्तेदार के घर गए हुए थे। ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के मकान में दो दिनों से ताला लगा हुआ था। इसी बात का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर अलमारी में रखे लगभग 5 लाख रुपए नगद, 30 तोला सोने के जेवर और 5 किलो चांदी के जेवर पार कर दिए।

ट्रांसपोर्ट व्यवसाई के घर हुई चोरी की जानकारी परिवार को मंगलवार सुबह लगी जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## लापता अर्चना तिवारी मामले में पुलिस को मिले अहम सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

इंदौर से कटनी के लिए यात्रा के दौरान बीते 7 अगस्त को अचानक लापता हुई अर्चना तिवारी के मामले में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि आज या कल तक पुलिस अर्चना को कटनी लेकर आ सकती है। करीब 13 दिनों से अर्चना की तलाश के लिए पुलिस टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं। अर्चना के मुंह बोले भाई अंशु मिश्रा ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि अर्चना की मंगलवार सुबह उसके परिजनों से बात हुई है, अर्चना पूरी तरह सकुशल है।

गौरतलब है कि 7 अगस्त को अर्चना तिवारी इंदौर से नर्मदा एक्सप्रेस से कटनी लौट रही थीं लेकिन बीच रास्ते में वह रहस्यमय तरीके से लापता हो गईं। इस घटना के बाद से न केवल कटनी बल्कि पूरे मध्य प्रदेश में यह मामला सुर्खियों में रहा। पुलिस और जीआरपी की कई टीमें लगातार उनकी तलाश में जुटी रहीं, लेकिन लंबे समय तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा। मामले में नया मोड़ तब आया जब यह खुलासा हुआ कि अर्चना का ट्रेन टिकट ग्वालियर के भंवरपुरा थाने में पदस्थ एक पुलिस आरक्षक राम तोमर ने बुक कराया था। इतना ही नहीं अर्चना जिन फोन नंबरों से लगातार संपर्क में थीं उनमें से एक नंबर राम तोमर का निकला। इस खुलासे के बाद जीआरपी ने राम तोमर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि अर्चना तिवारी ने परिजनों से बात की है, लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह किस जगह पर हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि वह ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के आसपास हो सकती हैं। लगातार 12 दिनों से चिंता में डूबे परिजनों और परिचितों ने राहत की सांस ली है। अर्चना के सकुशल मिलने की खबर फैलते ही कटनी शहर में भी हलचल मच गई। सोशल मीडिया पर भी यह खबर तेजी से वायरल हो रही है।

हालांकि, पुलिस की ओर से अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है कि अर्चना आखिर कहां थीं और इन 12 दिनों में उनके साथ क्या हुआ। आरक्षक राम तोमर की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस की विस्तृत जांच और आधिकारिक बयान के बाद ही पूरे मामले से पर्दा उठ पाएगा।

## खबर संक्षेप



### रेत का अवैध परिवहन करते ट्रेक्टर ट्राली जप्त

**बरही।** रेत का अवैध रूप से परिवहन करते हुए ट्रेक्टर ट्राली जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार उमरिया क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय एवं उप संचालक विवेक सिंह बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया के निर्देश पर सहायक संचालक भूरा गायकवाड़ के नेतृत्व में गश्ती टीम के साथ में खितौली ग्राम के वन क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन परिवहन करते ट्रैक्टर ट्राली पीछा कर पकड़ा गया एवं सुरक्षा हेतु वन परिक्षेत्र कार्यालय खितौली (कोर) के कैम्पस में वाहन को रखा गया। अपराध घटित क्षेत्र धमोखर वन परिक्षेत्र के अन्तर्गत होने के कारण से सचिन सिंह वन परिक्षेत्र अधिकारी धमोखर के द्वारा वैधानिक कार्यवाही पूर्ण की गई। वाहन चालक का नाम राजू भुमिया 28 वर्ष है। ट्रेक्टर में नंबर नही पाया गया। जप्त रेत 2.5 घन मीटर है जिसकी कीमत 4.50 लाख रूपये है। कार्यवाही के समय टीम के अन्य सदस्य परिक्षेत्र अधिकारी स्वास्तिश्री जैन, परिक्षेत्र सहायक देवीदीन पटेल, पुरूषोत्तम बर्मन वनरक्षक एवं लोकेश बर्मन वाहन चालक कार्यवाही में उपस्थित रहे।

### मरीजों के समुचित उपचार के लिए पहल



**स्लीमनाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद में आने वाले मरीजों के साथ स्वास्थ्य अमले का व्यवहार अच्छा रहे ओर मरीजों का समुचित स्वास्थ्य उपचार हो सके इसके लिए स्लीमनाबाद अस्पताल मे पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे के द्वारा विशेष पहल की गई है। अस्पताल में जो स्टॉफ है उसके जन्मदिवस अवसर पर मरीजों के लिए फल वितरण, नवजात जन्मे बच्चों के लिए कपड़े एवं महिलाओं के लिए पोषण आहार दिया जायेगा। साथ ही अस्पताल का हरितमय मे वातावरण बनाने एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण भी किया जायेगा। इस विशेष पहल की शुरुआत अस्पताल मे पदस्थ एएनएम सावित्री सिंह के जन्मदिवस से हुई जहाँ एएनएम सावित्री सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर अस्पताल आई गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशु को फल -फूल एवं वस्त्र बाटे गये। साथ ही अस्पताल की पुष्प वाटिका मे फलदार पौधा रोपित किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने बताया कि मरीजों की सेवा ही है सबसे बड़ी सेवा इसलिए इस प्रकार का नेक कार्य करने का अभियान स्लीमनाबाद अस्पताल मे शुरू किया गया। इस दौरान पुष्पलता यादव, वैष्णव शुक्ला,सावित्री सिंह व अन्य स्वास्थ्य स्टॉफ उपस्थित रहा।

## चाकूबाजों की कुंडली बना थमाये जा रहे लाल नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जिले मे इन दिनों अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। हत्याएं, लूट, चेन स्नेचिंग, चाकूबाजी की घटनायें बेखौफ अंदाज मे अंजाम दी जा रही है। बात बात पर चाकू चलाकर खून करने वाले अपराधियों को अब पुलिस लाल नोटिस (रेड नोटिस ) थमा रही है। एसपी के अभिनव प्रयोग के तहत थाना स्लीमनाबाद मे थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने ऐसे अपराधियों को रेड नोटिस मंगलवार को थाने मे बुलाकर थमाये

### लाल नोटिस ने उड़ाये होश

जिले मे एक साल के भीतर अभी तक की चाकूबाजी की घटनाओं को देखते इन पर नियंत्रण के लिए जिले के पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा अभिनव प्रयोग किया गया है जिसके तहत ऐसे अपराधियों की आपराधिक कुंडली तैयार की गई है ओर उनके खिलाफ नकेल कसने का काम शुरू हो गया है।




स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने बताया कि पुलिस ने चाकू बाजों के आपराधिक कृत्यों को लेकर डोजियार तैयार किया गया है जिसमें उनके अपराधों की जानकारी सहित, उनके आधार नंबर, ड्रायविंग लायसेंस, बैंक खातों, राशन कार्ड, मोबाइल की ईएमआई नंबर, मोबाइल नंबर सहित उनके नजदीकी रिश्तेदारों के नाम पते व संपर्क नंबर आदि दर्ज किये गये है!ताकि भविष्य मे किसी तरह की कोई वारदात करने पर आसानी से पकड़ा जा सके। नोटिस देने के साथ ही डोजियार भरने का काम भी तेजी से चल रहा है।

ऐसे अपराधियों पर फिलहाल 107,110 के तहत प्रतिबँधात्मक कार्रवाई की जा रही है जिसके लिए उन्हें थाने मे तलब कर लाल रंग के कागज पर तैयार नोटिस थमाये जा रहे है जिसमें उसके अपराधों का उल्लेख करते हुए उसे पेशी दिनांक पर सक्षम न्यायलय मे उपस्थित होने का आदेश दिया गया है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी का कहना है कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पुलिस अनुभाग अंतर्गत आने वाले सभी थाना के थाना प्रभारियों को चाकूबाजी की घटनाओं को रोकने इस अभियान पर तेजी से काम करने आदेशित किया गया है जिसके तहत थानो मे ऐसे अपराधियों को बुलाकर रेड नोटिस देने के साथ डोजियार तैयार करने का क्रम शुरू हो गया है।

## विश्व शांति एवं सौहार्द विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में मंगलवार को भारतीय ज्ञान परंपरा के त्रैमासिक कैलेंडर अंतर्गत माह अगस्त में "वसुधैव कुटुंबकम" अवधारणा पर केन्द्रित गतिविधि का आयोजन किया गया। इसमें प्रतियोगिता, भारतीय लोक संस्कृति पर आधारित लोकगीत एवं "वसुधैव कुटुंबकम" की भारतीय अवधारणा विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.लवकुश सिंह के द्वारा किया गया एवं "वसुधैव कुटुंबकम" विषय पर व्याख्यान भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन-डा.राजेश कुमार ने किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढेवाल एवं शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## निगम आयुक्त ने अस्थाई गौशाला का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने मंगलवार को स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी के साथ नगर निगम द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल के आगे निर्माणाधीन अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान निगमायुक्त श्री दुबे ने गौशाला में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन कर पशुओं के लिए चारा, पानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### रख रखाव करें बेहतर

उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गौशाला परिसर की स्वच्छता व्यवस्था नियमित रूप से बनाए रखने के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से उचित प्रबंध करने तथा गौशाला परिसर के रखरखाव को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए।



उल्लेखनीय है कि नागरिकों को सुगम यातायात व्यवस्था मुहैया कराने सहित नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के उद्देश्य से सार्वजनिक मार्गों में आवारा रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशाला एवं कांजी हाउस में भेजने का अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर के अन्य स्थलों के आवारा मवेशियों को क्षेत्रीय स्थलों में रखने के उद्देश्य से अस्थाई गौशाला की आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करने की कार्यवाही की जा रही है।

## जन सुनवाई में 172 आवेदकों ने अधिकारियों को बताई अपनी समस्याएं

## साहब! शराब दुकान से माहौल हो रहा खराब, दूसरी जगह कराएं स्थानांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में यहां पहुंचे 172 आवेदकों की समस्याएं अधिकारियों ने सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। यह जनसुनवाई अनुविभाग, तहसील, विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित की गई।

इस मौके पर अपर कलेक्टर साधना परस्ते, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

जनसुनवाई के दौरान इंद्रानगर बालगंगाधर तिलक वार्ड कटनी निवासी अनीता ने आवेदन देते हुये



बताया कि मेरे पति बीमारी के कारण कार्य करने में असमर्थ हैं। मैं मजदूरी करके अपना और अपने परिवार का पालन पोषण करती हूँ। विगत दिनों हुई बारिश के कारण मेरा मकान गिर गया है, जिससे हमें अत्यंत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हमारी आर्थिक सहायता की जाय। इस पर तहसीलदार कटनी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

ग्राम पंचायत बिलहरी निवासी संजय चक्रवर्ती ने बताया कि गांव के बस स्टैंड के पास मेन रोड में देशी व अंगेजी शराब की दुकान संचालित हो रही है। जिससे आस-पास का माहौल खराब हो रहा है। स्कूल के बच्चे भी वहीं से गुजरते हैं। शराब दुकान को यहां से हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित किया जाय। इस पर जिला आबकारी अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

### ट्रांसफार्मर बदलवायें

ग्राम सिमरा निवासी कृष्ण कुमार साहू ने ट्रांसफार्मर बदलने की मांग करते हुये कहा ग्राम मादो में मेरे खेत के पास लगा हुआ ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। इसकी सूचना विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी गई थी। परंतु, 3 माह बीतने के बाद भी अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। इस वजह से कृषि कार्य में दिक्कत हो रही है। इस पर बिजली विभाग को ट्रांसफार्मर बदलकर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिये गए।

## कृषि की आधुनिक तकनीकों को अपनाकर फसल की बढ़ाई पैदावार

# परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त कर गांव के लिए मिसाल बनी अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम इमलिया की निवासी अर्चना हल्दकार ने आजीविका मिशन से जुड़कर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि गाँव की अन्य महिलाओं के लिए भी एक मिसाल कायम की है। वर्तमान में सुधरी माली हालत की वजह से अब अर्चना सप रिवार खुशहाल जिंदगी बसर कर रही है।

सामान्य परिवार की अर्चना का परिवार पारंपरिक खेती पर निर्भर था। इससे परिवार का गुजारा मुश्किल से हो पाता था। वर्ष 2020 में अर्चना को एक स्था नीय गैर-सरकारी संस्था के माध्यम से 'स्मिता स्व-सहायता समूह' के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद अर्चना इसकी सदस्य बन गई।



शुरुआत में बचत से केवल छोटी-मोटी जरूरतें ही पूरी हो पाती थीं।

आजीविका मिशन के कर्मचारियों ने समूह को मिशन की योजनाओं की जानकारी दी एवं 'पंचसूत्रों'के बारे में बताया। अर्चना ने आर्थिक मदद मिलने पर आजीविका गतिविधि शुरू करने का निश्चंय किया। छह महीने तक पंचसूत्रों का पालन करने के बाद, समूह को मिशन से 12हजार रूपये का चक्रीय कोष (रिवाल्विंग फंड) मिला। अर्चना ने इस फंड से ऋण लेकर आंतरिक लेन-देन शुरू किया। इसके बाद समूह को 1 लाख रूपये की सीसीएल की राशि प्राप्त हुई। इस राशि से 30 हजार रूपये का ऋण लेकर अर्चना ने पारंपरिक खेती की जगह एस.आर.आई. विधि से धान की फसल लगाई, जिससे उन्हें अच्छा मुनाफा हुआ।

अगले साल, ब्लॉक टीम की सलाह पर, उन्होंने गेहूँ के साथ राई की फसल भी लगाई और कृषि की आधुनिक तकनीकों को अपनाया। इससे उनकी पैदावार और आय दोनों में वृद्धि हुई। अर्चना ने अपने घर के आँगन में पोषण वाटिका भी लगाई, जिससे उनके परिवार को साल भर जैविक सब्जियाँ मिलती रहीं। अतिरिक्त सब्जी बेचकर उन्हें अलग से आय भी होने लगी। इन सभी गतिविधियों से उनके परिवार की मासिक आय बढ़कर 15हजार से 18हजार रूपये तक पहुँच गई।

अर्चना ग्राम और संकुल स्तरीय संगठनों की बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। यहीं उन्हें सीआरपी ड्राइव के बारे में पता चला। उन्होंने समूह गठन करने की इच्छा जताई, जिसके बाद उन्हें ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया। अपने उत्कृष्ट संवाद कौशल के कारण, अर्चना ने अपने और आसपास के गाँवों में 15 स्व-सहायता समूह बनाए। इससे उनकी पहचान 'सीआरपी दीदी' के रूप में बनी और उनका सामाजिक दायरा बढ़ा। वर्तमान में अर्चना मोबाइल के माध्यम से सर्वेक्षण का काम भी करती हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय होती है। पहले वह घरेलू खर्चों और बच्चों की शिक्षा के लिए अपने पति पर निर्भर थीं, लेकिन अब वह खुद अपने परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा कर रही हैं। अबवह इमलिया गाँव की अन्य महिलाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत हैं।

## सराहनीय पहल: शासकीय विद्यालय नैगंवा के शिक्षकों ने खुद ही लागू किया ड्रेस कोड

### छात्रों के लिए बन रहे हैं प्रेरणास्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विकासखंड रीठी के नैगंवा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक एवं ईपीईएस माध्यमिक शाला के शिक्षकों और प्राचार्य ने सराहनीय पहल करते हुये बिना किसी सरकारी आदेश का इंतज़ार किए, खुद ही अपना ड्रेस कोड निर्धारित कर उसे पूरी तरह से लागू भी कर दिया है। इस कदम की सराहना गांव के सभी लोगों के साथ-साथ छात्र-छात्राओ द्वारा भी की जा रही है।

विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री विपिन तिवारी ने बताया कि इस नवाचार का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में एक सकारात्मक शैक्षणिक माहौल तैयार करना है।

उनका मानना है कि इस ड्रेस कोड से शिक्षकों के बीच समानता, अनुशासन और एकजुटता की भावना को बढ़ावा मिलेगा। यह फैसला सभी शिक्षकों की आपसी सहमति से लिया गया है। उन्होंने मिलकर ड्रेस कोड तैयार किया है।

प्राचार्य श्री तिवारी ने यह भी उम्मीद जताई कि शिक्षकों को ड्रेस में देखकर वे छात्र भी प्रेरित होंगे जो अक्सर यूनिफॉर्म में नहीं आते। उन्हें देखकर विद्यार्थी भी आसानी से इस नियम का पालन करेंगे।

नैगंवा विद्यालय अपने नवाचारों के लिए पहले से ही जाना जाता है। शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए यह विद्यालय लगातार नए-नए प्रयोग कर रहा है, और शिक्षकों द्वारा स्वयं ही ड्रेस कोड लागू करना इसी कड़ी में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

## खबर संक्षेप



### मां लक्ष्मी गौ सेवा समिति को किया सम्मानित

**कटनी।** बधाई उत्सव कमेटी द्वारा समाज में गौसेवा एवम सर्प सेवा के कार्य देखते हुये विधायक संजय पाठक के द्वारा माँ लक्ष्मी गौसेवा समिति को सम्मानित किया गया है। यह सम्मान हमारी संस्था से जुड़े हुए सभी सदस्यों का है, जिन्होंने सामाजिक कार्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपनी सेवाये दी है। हम सभी को इस सम्मान के लिए आभार जताया गया है। मां लक्ष्मी गौसेवा समिति के सतीश सोनी का कहना है कि भविष्य में भी हमारी संस्था के द्वारा ऐसे ही मानव सेवा, पशु सेवा एवं अन्य सामाजिक सेवा का कार्य हम सभी के सहयोग से निरंतर जारी रहेगा।

### डेंगू-मलेरिया की रोकथाम हेतु दवा का छिड़काव

**कटनी।** नगर निगम कटनी द्वारा वर्षा के दौरान मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु वार्डों में निरंतर कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान स्वरूप नगर के विभिन्न वार्डों की नालियों, जलभराव वाले क्षेत्रों, बस्तियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लार्वा नाशक दवाओं का छिड़काव निरंतर किया जा रहा है। साथ ही फॉगिंग मशीन के माध्यम से भी धुएँ का छिड़काव कर मच्छरों को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे ने संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने आसपास पानी एकत्र न होने दें, कूलर, टंकियों की समय-समय पर सफाई करें तथा सफाई कर्मचारियों को सहयोग दें। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि शहर के उन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाकर दवा छिड़काव किया जा रहा है जहां पूर्व में मच्छर जनित बीमारियों का अत्यधिक फैलाव था। इसी क्रम में क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों की निगरानी में सोमवार को मंगल नगर क्षेत्र की विभिन्न गलियों में दवा का छिड़काव कराया गया है,तथा मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु आगे भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### कट्टा लहराते वीडियो वायरल होने के बाद युवक गिरफ्तार

**कटनी।** रंगनाथ थाना क्षेत्र में युवक द्वारा हाथ में कट्टा लेकर लहराता युवक का वीडियो सोशल मीडिया मे वायरल हुआ जिसको देखते हुए रंगनाथ पुलिस ने त्वरित कार्यवाही की। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में 24 घण्टे के अंदर वीडियो में दिख रहे युवक रोशन ठाकुर पिता गजराज ठाकुर 23 निवासी लक्ष्मी पान भंडार पाठक वार्ड थाना रंगनाथ नगर को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से 01 देशी कट्टा 02 जिंदा कारतूस एवं 01 पिस्टल 02 जिंदा कारतूस जब्त कर जेल भेजा गया।

### अग्निशमन प्रबंधन कार्यशाला कल

**कटनी।** अग्निशमन सुरक्षा प्रावधानों एवं प्रबंधन विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार 20 अगस्त को प्रातः 10 बजे से स्वामी विवेकानन्द सभागार बस स्टैंड ऑडिटोरियम कटनी में किया जाएगा। उक्त कार्यशाला में अखिल भारतीय स्थानीय शासन संस्थान भोपाल के विषय विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस कार्यशाला में मुड़वारा विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा विशेष सहभागिता देंगे। महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक और निगमायुक्त नीलेश दुबे ने निगम के सम्माननीय पार्षदों, नागरिकों एवं विभिन्न होटल, हॉस्पिटल एवं अन्य संस्थानों के संचालकों से इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में उपस्थित होकर अग्नि सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी, व्यवहारिक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्राप्त करने की अपील की है।

## बड़वारा एवं माधवनगर पुलिस को मिली सफलता, बदमाशों को भेजा गया हवालात

# वाहन चोरी करने वाले 4 शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार, चोरी की चार मोटर साइकिल भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





दोपहिया वाहन चोरी करने वाले चार बदमाशों को बड़वारा एवं माधवनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरो के पास से चोरी की चार मोटर साइकिलें भी बरामद की गई हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में बड़वारा एवं माधवनगर पुलिस ने चोरो को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

बड़वारा थाना प्रभारी के .के. पटेल ने बताया कि 23 जुलाई को फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि शाम 4 बजे वह अपनी पल्सर मोटर साईकिल क्र. एमपी 21 जेडजी 2609 से मझगवाँ गया था। वेयर हाउस के पास से बाइक कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया। इसी तरह 17 अगस्त 25 को राजाराम पटेल निवासी बमनगवां ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी मोटरसायकल क्र. एमपी 21 एमएफ 8096 उसके घर गृह ग्राम रूपोंद से कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया है। दोनो फरियादियों की रिपोर्ट पर अज्ञात मोटरसायकिल चोरो के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई।

चोरों को पकड़ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। मुखबिर से सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संदेही सीताराम गौड एवं भगवत सिंह गौड एंव चोरी गई मोटरसायकिलों की तलाश आस पास के गांवो एंव बड़वारा मे की गई। संदेही शिवम यादव पिता राम यादव 20 वर्ष निवासी ग्राम रूपौंद को पकड़कर पूँछताँछ की गई। शिवम यादव ने मोटर साईकल क्रमांक एमपी 21 एमएफ 8096 को चोरी करना स्वीकार किया। इसी तरह संदेही चंदन कुशवाहा पिता कमलेश कुशवाहा 26 साल निवासी ग्राम रुपौंद से पूंछतांछ की गई जिसने पल्सर मोटरसायकल क्र. एमपी 21 जेडजी 2609 को चोरी करना स्वीकार किया। उक्त दोनो बाइक बरामद कर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि के .के. पटेल, उनि लेख सिंह परिहार, सउनि विक्रम सिंह, सउनि सतेन्द्र सिंह, सउनि महेश प्रताप सिंह, प्रआर. लालजी यादव, प्रआर. वीरेन्द्र चढ़ार, आर. संतोष यादव, आर. गौरीशंकर राजपूत, आर.O दीपक सिंह, आर बृजलाल प्रजापति, की विशेष भूमिका रही।

इसी तरह माधवनगर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले को चंद घण्टो में गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि 17 अगस्त को प्रार्थी मोहम्मद मारून निवासी लखेरा ने थाने आकर बताया कि 17 अगस्त को दोपहर 01 बजे वह अपनी मोटरसाईकल क्रमांक MP 21 MG 1242 होण्डा एचएफ डिलक्स से बाम्बे होटल कैम्प गया था। बाइक को होटल के बाहर खडी करके अंदर नाश्ता करने चला गया। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी मोटर साईकिल चोरी कर ली गई। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। आरोपी मिन्टू उर्फ अश्वनी पांडे पिता अरूण कुमार पांडे 32 वर्ष निवासी ग्राम पहाडी निवार के कब्जे से मोटरसाईकल क्रं MP21 MG 1242 होण्डा एचएफ डिलक्स जप्त की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपने साथी सोनू वंशकार पिता गिरधारी लाल वंशकार 32 वर्ष निवासी पहाडी थाना माधवनगर जिला कटनी के साथ एक अन्य मोटर साईकिल थाना माधवनगर क्षेत्र से चोरी करना स्वीकार किया गया। मोटर साईकिल एचएफ डिलक्स काले रंग की जिसको आरोपी सोनू वंशकार एवं रज्जन चक्रवर्ती के द्वारा मोटर साईकिल में दूसरा अन्य नम्बर नम्बर प्लेट बदलकर MP 21 MC 3715 लिखवाकर चला रहे थे। जिसे आरोपी सोनू वंशकार के कब्जे से जप्त किया गया। एवं आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जिला जेल में निरूद्ध किया गया है।

### समग्र आधार ई-केवाईसी कराना हुआ आवश्यक

**कटनी।** मप्र शासन के निर्देशानुसार समस्त नागरिकों के समग्र आधार ई के वाई सी कार्य किया जाना आवश्यक है। विगत 2 माह से यह कार्य किया जा रहा है जिसमें नगर के कई नागरिकों द्वारा अभी भी समग्र आधार ई केवाईसी नहीं कराई गई है। आगामी माह में शासन द्वारा केवल आधार लिंक्ड समग्र आई डी को ही आधार इनेबल्ड पेमेंट के माध्यम से शासकीय योजनाओं का हितलाभ वितरण किया जाना प्रस्तावित है , भविष्य में स्कूल , कॉलेज में बच्चों के एडमिशन हेतु भी समग्र आई डी में ई केवाईसी नहीं होने पर आप शासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं से वंचित हो सकते है । अतः जिन नागरिकों द्वारा अभी तक अपना समग्र आधार ई केवाईसी नहीं करवाया है, वे अतिशीघ्र नगर निगम कार्यालय अथवा एम पी ऑनलाइन के माध्यम से रिक्वेस्ट दर्ज करवा लेवे। आप अपनी सुविधानुसार घर बैठे भी नीचे दी गई लिंक https://samagra.gov.in/Citizen/RFC/AdhaarRequest.aspx से अपना ई केवाईसी स्वयं भी कर सकते है । समग्र आई डी पर आधार लिंक नहीं होने की स्थिति में समग्र आई डी को डुप्लीकेट समझते हुए डिलीट होने पर आपको असुविधा हो सकती है।कृपया इस कार्य में निगम प्रशासन को आवश्यक सहयोग प्रदान करे।

# मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु 22 दिवसीय फागिंग अभियान

*आज से वार्डों में किया जाएगा धुंए का छिड़काव कर्मचारियों को दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्तमान में नगर के मौसम में रोजाना हो रहे परिवर्तन के कारण मच्छर जनित संक्रामक बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने नगर के समस्त वार्डों में रोजाना शाम 5 बजे से फॉगिंग अभियान चलाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए है। निगमायुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को क्षेत्रीय वार्ड पार्षद से संपर्क बनाते हुए प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह के निर्देशन में फॉगिंग अभियान चलाकर नागरिकों से कृत कार्यवाही का सत्यापन कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

**इस दिन यहां चलेगा अभियान**

जारी कैलेंडर अनुसार 19 अगस्त को बालगंगाधर तिलक वार्ड एवं बिरसा मुंडा वार्ड में, 20 अगस्त को लाल बहादुर शास्त्री वार्ड एवं इंदिरा गांधी वार्ड में व 21 अगस्त गुरुवार को राम मनोहर लोहिया एवं चंद्रशेखर आजाद वार्ड में धुएँ का छिड़काव किया जाएगा। इसी अनुसार 22 अगस्त को गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड एवं जालपा देवी वार्ड में,23 अगस्त को महात्मा गांधी वार्ड एवं जयप्रकाश वार्ड में,24 अगस्त को जगमोहन दास वार्ड एवं वीर सावरकर वार्ड में, 25 अगस्त को वेंकट वार्ड एवं राजीव गांधी वार्ड में यह अभियान चलाया जाएगा।

वहीं 26 अगस्त आचार्य विनोवा भावे वार्ड एवं रफी अहमद किदवई वार्ड में,27 अगस्त को पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड एवं राम जानकी हनुमान वार्ड में, 28 अगस्त को बाबू जगजीवन राम वार्ड एवं शिवाजी वार्ड में तथा 29 अगस्त को अंबेडकर वार्ड एवं गुरुनानक वार्ड में अभियान चलाया जाकर फॉगिंग मशीन के माध्यम से धुएँ का छिड़काव किया जाएगा।

### संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु शहर के सभी वार्डों में होगा कीटनाशक का छिड़काव

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन पर नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर के समस्त वार्डों में वृहद स्तर पर साफ-सफाई की जाकर डेंगू व अन्य संचारी रोगों से बचाव हेतु कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि वर्तमान दिनों मौसम में रोजाना हो रहे परिवर्तन के कारण मच्छर जनित बीमारियों के फैलने की संभावना के मद्देनजर मंगलवार प्रातः आचार्य विनोबा भावे वार्ड क्रमांक 15 के निमिया मोहल्ला, शिवाजी वार्ड क्रमांक 20 के विभिन्न स्थलों,जगमोहन दास वार्ड क्रमांक 11 के विभिन्न स्थलों,वंशस्वरूप वार्ड क्रमांक 29 में चंदी की दफई, गौसिया मस्जिद, इमामबाड़ा, कल्लू पूर्व पार्षद गली, अनिल साहू गली, राजाराम गली, राघव बेदी स्कूल गली, वोडाफोन टावर गली सहित नगर के अन्य स्थलों में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करवाया गया।

### आवागमन अवरूद्ध करने वालों पर हुई चालानी कार्यवाही



नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर निगम के अतिक्रमण विभाग द्वारा अस्थाई अतिक्रमण हटाते हुए निरंतर कार्यवाही की जाकर सुव्यवस्थित यातायात मुहैया कराने के प्रयास लगातार जारी हैं। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों के सुगम आवागमन हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में मंगलवार को दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से बिलैया तलैया सब्जी मंडी तक सड़क पर अव्यवस्थित खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही गई है,इसके साथ ही दुकानदारों द्वारा सड़क पर किए अस्थाई अतिक्रमण को हटाते हुए अनावश्यक यातायात बाधित ना करते हुए शहर को सुव्यवस्थित बनाए रखने की अपील भी नागरिकों से निरंतर जा रही है।

# माइनिंग कॉन्क्लेव की तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले की समृद्ध खनिज संपदा के खनन क्षेत्र में निवेश संवर्धन और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर खनिज संसाधनों के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कटनी जिले में 23 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में माइनिंग कॉन्क्लेव का आयोजन होना है। इसके मद्देनजर सोमवार को विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल और कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा सहित खनिज विभाग और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने आयोजन स्थल कटनी शहर के होटल अरिंदम का निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, नगर निगम कमिश्नर नीलेश दुबे, विवेक श्रीवास्तव, आरटीओ संतोष पाल, यातायात निरीक्षक राहुल पाण्डेय आदि मौजूद रहे। कटनी में आयोजित होने वाली माइनिंग कॉन्क्लेव में प्रदेश सहित देश भर के खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले नामचीन उद्योगपति शामिल होंगे।

इस कॉन्क्लेव में देश और प्रदेश के नामचीन उद्योगपतियों ने शामिल होने के लिए रूचि प्रदर्शित किया है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्थल का मुआयना कर मंचस्थल, प्रदर्शनी स्थल, उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा स्थल, सेक्टोरियल प्रेजेंटेशन, पार्किंग स्थल आदि का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

# आकांक्षा हाट में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा, निरीक्षण में उत्पादों की सराहना

*7 दिवसीय आयोजन का जिपं सीईओ ने किया शुभारंभ*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम ऑडिटोरियम में 18 से 24 अगस्त तक चलने वाले 7 दिवसीय 'आकांक्षा हाट' का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता रमेश मेहरा और जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलन कर किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मेहरा ने कहा कि इस महत्वपूर्ण योजना से स्थानीय कलाकारों, कारीगरों, और व्यवसाय करने वाले स्वयं-सहायता समूहों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन जिला प्रशासन की सराहनीय पहल है, जो आर्थिक समृद्धि में योगदान देगा।

वहीं जनपद पंचायत रीठी के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी आर.एन. सिंह ने आकांक्षी योजना के उद्देश्यों और 'आकांक्षा हाट' के आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद, सीईओ जिला पंचायत और जिला पंचायत अध्यक्ष ने मेले में लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया और उत्पादों की सराहना की।

कार्यक्रम में कृष्ण कला संगीत विद्यालय, कटनी के कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इसके अलावा, मेले में कृषि विभाग का स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहा, जिसका निरीक्षण जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने किया। वहीं अनुविभागीय कृषि अधिकारी पूनम गर्ग ने उन्हें प्राकृतिक खेती और चिरौंजी उत्पादन के बारे में जानकारी दी।

अन्य स्टॉलों पर आजीविका मिशन, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, महिला एवं बाल विकास, और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, सहायक संचालक मनीष मिश्रा, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में जन्माष्टमी महोत्सव आयोजित

# भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित लीलाओं का हुआ मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर किया गया। इसके बाद कृष्ण भक्ति की ऐसी बयार बही कि नन्हे-मुन्ने बच्चे भी उसमें डूबे नजर आयें। कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान दही हांडी प्रतियोगिता आयोजित हुई!बच्चों में मटकी फोड़ने की उत्सुकता देखकर सभी हैरान रह गए। हाथों में बांसुरी व सिर पर मोर मुकुट लगाए बच्चे कृष्ण का रूप धरकर पहुंचे। वहीं कई बालिकाओं ने राधा रानी का भी रूप धरा। इस दौरान कृष्ण के जीवन पर आधारित लीलाओं का मंचन भी किया गया। बच्चों ने कृष्ण भजनो पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान पूरा माहौल कृष्णमय हो गया। इसके बाद भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र पर ब्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशो मे ही जीवन जीने की कला निहित है!श्री कृष्ण का जीवन अलौकिक होने पर भी लौकिक जीवन से जुडा हुआ दिखाई पड़ता है। जीवन जीने की कला यदि किसी से सीखनी चाहिए तो वह है श्रीकृष्ण। वहीं महाविद्यालय मे बलराम जयंती कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

इस दौरान डॉ किरण खरादी, डॉ सपना द्विवेदी, डॉ प्रीत नेगी, डॉ प्रीति यादव, डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ भारती यादव,डॉ राजेश कुशवाहा, डॉ बालेन्द्र सिंह, डॉ अशोक पटेल, अंजना पांडेय सहित महाविद्यालय स्टॉफ की उपस्थिति रही।

### ग्राम पंचायतो का विकास करने ग्राम सभाओं में हुई चर्चा



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बहोरीबंद जनपद की ग्राम पंचायतो में चरणबध्द तरीके ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम सभाओं का आयोजन 20 अगस्त तक चरणबद्ध तरीक़े से किया जायेगा। इस अवसर पर ग्राम सभा के दौरान ग्राम सभाओं में ग्राम पंचायतों में विभिन्न प्रकार की पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों की सूची का वाचन करना, नशामुक्ति अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत को नशामुक्त बनाने पर चर्चा की गई। इसी तरह बाल हितैषी एवं महिला सशक्तिकरण विजन पर चर्चा, 15 वां वित्त आयोग वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना एवं रणनीति पर चर्चा, पंचायत डेवलपमेंट सूचकांक पर चर्चा की गई। साथ ही शौचालय विहीन बचे परिवारों की सूची का वाचन एवं अनुमोदन, ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने की गतिविधियों की योजना का अनुमोदन एवं 15 वे वित्त के टाइड फंड से राशि लेने के लिए जीपीडीपी में शामिल किए जाने का प्रस्ताव उपस्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर पर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देना एवं समुदाय की उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर तथा टीबी रोग की जांच एवं स्क्रीनिंग करना सहित अन्य विषयों पर ग्राम सभाओं में ग्रामीणों से चर्चा की गई।

जनपद सीईओ अभिषेक कुमार ने बताया कि 20 अगस्त तक बहोरीबंद

# अग्नि शमन सुरक्षा, फायर सेफ्टी कार्यशाला आज होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अग्नि जनित घटनाओं की जोखिम को कम करने तथा आपातकालीन स्थितियों में प्रभावित तरीके से प्रतिक्रिया देकर अग्नि दुर्घटनाओं को नियंत्रित किए जाने के संबंध में बुधवार 20 अगस्त को प्रातः 11 बजे से स्वामी विवेकानंद सभागार बस स्टैंड ऑडिटोरियम कटनी में विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति में अग्निशमन सुरक्षा,फायर एण्ड सेफ्टी की एक बृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

इस संबंध में निगमायुक्त नीलेश दुबे ने एक आदेश जारी कर कार्यक्रम की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय में पूर्ण किए जाने हेतु अधिकारी कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे है। जारी आदेशानुसार प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा,सहायक यंत्री अनिल जायसवाल,उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव को संपूर्ण कार्य व्यवस्थाओं हेतु प्रभारी बनाते हुए अन्य अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है। कार्यक्रम के दौरान कार्यशाला प्रस्तुतीकरण, कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, फायर कंसलटेंट, अधिकारियों, उद्योग, मिल, फैक्ट्री, अस्पताल,होटल आदि के संचालकों एवं उनके संघों को आमंत्रित किए जाने,प्रशिक्षण हेतु पी.ए सिस्टम, एलसीडी, प्रोजेक्टर इत्यादि की व्यवस्था, पर्याप्त बैठक व्यवस्था,विशेष साफ-सफाई, चूने की लाइनिंग, आवारा जानवरों पर नियंत्रण,स्वच्छ पेयजल,प्रकाश एवं विद्युत की समुचित व्यवस्था हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है। वहीं अतिथियों का स्वागत,,सुगम आवागमन,बैकड्रॉप बैनर सहित कार्यक्रम में सहभागी बनने हेतु प्रचार-प्रसार व्यवस्थाओं हेतु सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपते हुए व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर समय में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### अवैध मदिरा के खिलाफ तीन प्रकरण दर्ज

**दमोह।** आबकारी विभाग के द्वारा अवैध मदिरा विक्रय, संग्रहण, परिवहन और उपभोग के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में थाना बटियागढ़ में ग्राम टंकी मोहल्ला एवं ढाबा में कार्यवाही करते हुए 03 प्रकरण 34 (1) एवं 36 (ए) आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध किए गए। यह कार्यवाही वृत प्रभारी हटा मधुसूदन दीवान के द्वारा की गई, उक्त कार्यवाही में आबकारी स्टाफ अरविंद जाटव एवं सुरेंद्र सोलंकी शामिल रहे।

### ग्रामीण एवं अजयगढ़ परियोजना की अनंतिम चयन सूची प्रकाशित

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग पन्ना अंतर्गत बाल विकास परियोजना पन्ना ग्रामीण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त 3 पद तथा आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त 73 पद तथा अजयगढ़ परियोजना में कार्यकर्ता के 3 और सहायिका के 85 पद पर भर्ती के लिए एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। इसके उपरांत खण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा आवेदनों में संलग्न दस्तावेजों के आधार पर पात्रता एवं अपात्रता के परीक्षण उपरांत पोर्टल पर अनंतिम चयन सूची का प्रकाशन किया गया है।

कलेक्टर ने महिला का नाम जुड़वाया, लापरवाह के विरूद्ध कार्रवाही

# जनसुनवाई में महिला को मिला तत्काल न्याय



### कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने दिये निर्देश, 306 आवेदनों पर हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (ब्यारमा) में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 306 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 294 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, 17 आधार कार्ड संबंधी कार्य किये गये। इसी तरह अन्य आवेदकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जनसुनवाई में सामूहिक आवेदन भी दिये गये। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटैल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जनसुनवाई में एक निशक्त छात्र ने कलेक्टर को आवेदन देते हुये कहा कि मैने 2019 में निशक्तजन योजना के अंतर्गत लैपटॉप के लिए आवेदन किया था और आज तक लैपटॉप नहीं मिला है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यह छात्र 75 प्रतिशत से अधिक दृष्टिबाधित है, जब विभाग से इस बारे में बात की तो उन्होंने बताया कि कोई आवेदन हमने नहीं देखा, छात्र की विशेष परिस्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री कोचर ने जन सहयोग से छात्र को लैपटॉप तुरंत दिलाने का निर्णय लिया है, आज ही उसे लैपटॉप दिया जायेगा, इसमें जनता की दान राशि का उपयोग होगा।

**महिला का नाम जोड़ा गया, लापरवाह के विरूद्ध कार्रवाही**

एक महिला को गलत तरीके से मृत घोषित किये जाने के मामले में कलेक्टर श्री कोचर ने बताया जब मैने महिला के कागज को देखा और तुरंत ही जॉच के आदेश दिए तो यह जानकारी सामने आयी कि महिला को गलत तरीके से मृत घोषित किया गया है, आज ही उस महिला का नाम जुड़वा दिया गया हैं, जिससे उसे शासन की सारी योजनाओं का लाभ मिल सके और जिसने भी यह गलती कि है उसके खिलाफ निलंबन और अनुशासनहीनता की कार्रवाई कि जायेगी।

# विद्यालय में फैली अवस्थाओं को सुधारने विद्यार्थी परिषद में एसडीएम को दिया ज्ञापन



**हटा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मंगलवार को नगर के दो विद्यालयों में पहले अवस्थाओं को सुधारने हेतु एसडीएम राकेश मरकाम को ज्ञापन सौंप कर शीघ्र ही कार्रवाई करने की मांग की गई। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन देकर बताया कि नगर के गौरी शंकर मंदिर के समीप दो शासकीय विद्यालय क्रमांक एक गौरीशंकर मिडिल स्कूल के रास्ते एवं खेल मैदान मैं पानी भराव की समस्या बरसों से बनी हुई है एवं गौरीशंकर हाई स्कूल के अन्दर परिसर में 30 फीट गहरी खाई है एवं विद्यालय में जहरीले जीव जंतु निकालते रहते है जिससे स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की जान को खतरा बना रहता है ज्ञापन के माध्यम से गड्ढे का भराव कराने एवं पानी का भराव रोकने सहित अन्य साफ सफाई की व्यवस्थाएं कराए जाने ज्ञापन के माध्यम से कार्यवाही किए जाने की मांग की गई। इस दौरान एबीवीपी संयोजक अजीत विश्वकर्मा नगर मंत्री निखिल रजक सह मंत्री पृथ्वी प्रताप शांतनु खटीक साहिल सिंह शशि एवं अकिल हर्षित सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# जन्माष्टमी पर नगर में शोभायात्रा निकाली



**पथरिया।** यादव समाज के तत्वावधान में राधा कृष्ण मंदिर से प्रतिवर्ष अनुसार बड़े ही हर्षोल्लास से भगवान कृष्ण की माता पिता देवकी वासुदेव के नाम के जयकारे के साथ नगर के चौरसिया मोहल्ला,संजय चौराहा, स्टेशन केरवना तिराहा से दमोह रोड स्थित राधा कृष्ण यादव मंदिर पर शोभायात्रा का समापन हुआ जिसमें यादव समाज व अन्य समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# मुहम्मद सामी जश्ने ईद मिलादुन्नवी कमेटी के सदर बनाये गये

**हिण्डोरिया।** इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलेय वसल्लम की यौमे पैदाइश की खुशी में पूरे विश्व मे मनाया जाने वाला पर्व जश्ने ईद मिलादुन्नबी नगर हिण्डोरिया मे आगामी 5 सितंबर 2025 को अजीम- ओ- शान- ओ- शौकत के साथ हमेशा की तरह आपसी सदभाव पूर्ण माहौल मे परंपरागत ढंग से मनाया जायेगा।



उक्त पर्व के व्यवस्थित संचालन एवं प्रबन्धन हेतु स्थानीय खानकाह नूरी- फरीदी मे नगर के मुस्लिम भाईयों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुहम्मद सामी उर्फ शमीम खान को सर्व सहमति से जश्ने ईद मीलादुन्नबी सल्लल्लाहो अलैय वसल्लम इंतजामियां कमेटी का सदर बनाया गया। नायब सदर नसीम पठान, साजिद खान, मुबारिक राजा, इकबाल चौहान, बसीम कुरैशी, मुकीम खान, कोषाध्यक्ष अब्दुल वाहिद, नजीर खान, शाकिर खान, फिरोज खान, सचिव- सह सचिव मुजाहिद, उवैश खान, अरबाज, बसीम, बारिश खान, मजहर खान, लकी शा, इरफान खान, मुस्तफा शा, दानिश चौहान, अब्बू भाई को बनाया गया।साथ ही कमेटी मे समाज के सभी जिम्मेदार मुस्लिम भाईयों को रखा गया।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सजाई भव्य झांकियां



**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल दमोह में जन्माष्टमी उपरांत दिनांक 19 अगस्त 2025 मंगलवार को भव्य झांकियों का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर किडर गार्टन के विद्यार्थियों ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं को प्रस्तुत किया। कृष्ण जन्म, गोकुल प्रस्थान, जन्मोत्सव, पूतना वध, माखन चोरी, यशोदा दंड, कालिया दमन, गोवर्धन लीला, कृष्ण सुदामा मिलन, मीरा की कृष्ण भवित्त, गीता उपदेश और रास लीला जैसे दृश्य झांकियों के रूप में सजाये गए। फूलों की सजावट और पारंपरिक संगीत ने माहौल को और भी आकर्षक बना दिया। झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में कॉलेज व शाला के शिक्षक व विद्यार्थी एवं अभिभावक पहुंचे। सभी ने कृष्ण भक्ति के गीत गाकर और 'हाथी चोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया कार्यक्रम का समापन मठकी से चॉकलेट वितरण और केक कटिंग के साथ हुआ।

# अमर शहीद रानी अवंती बाई की जयंती धूमधाम से मनाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

दमोह जिला के अंतर्गत जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेजगढ़ में 18 अगस्त 2025 को 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महारानी वीरांगना रानी अवंती बाई का जन्म जयंती बड़े धूमधाम हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। राजा तेजी सिंह की नगरी तेजगढ़ में मनाया गया। दो बालिकाओं को रानी अवंती बाई के रूप में रथ पर विराजमान कर हाथी दरवाजे से वीरांगना रानी अवंती बाई की शोभा यात्रा धूमधाम डीजे की गूंज के साथ रानी अमर रहे के नारे लगाते हुए निकाली गई। रैली ग्राम के मुख्य रास्ते से होकर कार्यक्रम स्थल रेस्ट हाउस पहुंची जहां पर सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने वीरांगना रानी अवंती बाई के चित्र पर फूलमाला चढाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अनेकों वक्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने सभा को संबोधित कर वीरांगना रानी अवंती बाई के इतिहास को बताया और उनकी वीरता को नमन करते हुये श्री मंत्री जी ने रानी अवंती बाई जयंती कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम सफल बनाने वाले युवाओं को धन्यवाद दिया। पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने रानी अवंती बाई ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ने का इतिहास बताएं और जनप्रतिनिधियों ने राजा तेजी सिंह की मूर्ति तेजगढ़ में रखवाने को और बालक बालिकाओं को अधिक पढाने पर जोर दिया। मंत्री जीऔर प्रतिनिधियों ने स्कूल के जिन छात्र-छात्राओं ने अधिक अंक प्राप्त कर पास हुए उनको शील्ड रजिस्टर पेन देकर सम्मानित किया और पत्रकारों को रानी अवंति का चित्र रजिस्टर,पेन, किताव देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दमोह जिला लोधी छत्री सभा के अध्यक्ष और मंत्री जी के पिता जी भाव सिंह लोधी, मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी, पूर्व वरिष्ठ शिक्षक उमराव लोधी जिला, पंचायत सदस्य द्रगपाल लोधी, तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह लोधी, राघवेंद्र सिंह ऋषि भैया, जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, अध्यक्ष हीरा सिंह लोधी, दीवान राजू सिंह लोधी, पूर्व सरपंच पहारी सिंह लोधी, गुलाब सेठ, डॉ अनूप सिंह लोधी, बेडी सिंह लोधी, सदर अनिल विश्वकर्मा, राजकुमार साहू, सुंदर अहिरवाल और बड़ी संख्या में लोधी समाज से लेकर अनेको समाज के गणमान्य व्यक्तियों और जनप्रतिनिधि और जनता ने कार्यक्रम में भाग लिया।

वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर उमड़ा जनसैलाब

# बांदकपुर से रोहनिया धाम तक निकली विशाल तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बुंदेलखंड की प्रसिद्ध नगरी बांदकपुर धाम में जिला लोधी क्षत्रिय समाज द्वारा 5 किलोमीटर की बांदकपुर से भगवान जागेश्वर नाथ महादेव की ससुराल रोहनिया धाम तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के दौरान वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जन्म जयंती समारोह रोहनिया धाम में मनाया गया। कार्यक्रम में मंच से नशा मुक्ति, शिक्षा और रोजगार को लेकर सभी ने अपने-अपने वक्तव्य दिए। इस अवसर पर लोधी क्षत्रिय समाज के कई



पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें जिला अध्यक्ष भाव सिंह लोधी, युवा जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह लोधी, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी और एडवोकेट वैभव सिंह लोधी प्रमुख थे। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जन्म जयंती महोत्सव को सफल बनाया। इस दौरान कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए और समाज के लिए काम करने का संकल्प लिया।

### रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये के निर्देशों के तहत एस.डी.एम आर.एल.बागरी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा दमोह शहर में रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट शॉपिंग मॉल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण कार्यवाही के दौरान दमोह शहर में तीन गुल्ली चौराहा स्थित रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट से गुड लाइफ ब्रांड मैदा एवं काजू के नमूने जांच हेतु लिए गए। इन खाद्य पदार्थों के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर परिसर में फूड लाइसेंस की प्रति, एनुअल मेडिकल सर्टिफिकेट, पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट, फोस्टैक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट पाए गए। कार्यरत कर्मचारियों को एप्रन, हेड कवर का प्रयोग करते हुए पाया गया।

# बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले के बनवार बांदकपुर तिराहे पर ग्राम बांधकपुर में बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की जा रही है। इस संबंध में एक ज्ञापन कलेक्टर को ग्रामवासियों ने दिया गया है, जिसमें बनवार बांधकपुर तिराहे पर प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया है। ग्रामवासियों का कहना है कि बांदकपुर हां के सामाजिक लोगों की इस संबंध में बड़ी उम्मीदें हैं और वे बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा की स्थापना को लेकर उत्साहित हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस प्रतिमा की स्थापना से क्षेत्र के लोगों को बाबा साहेब अम्बेडकर के आदर्शों और विचारों से प्रेरणा मिलेगी। कलेक्टर ने ज्ञापन पर नोट सीट चलाई है और संबंधित विभाग को अग्रिम कार्यवाही के लिए लिखा गया है। अब देखना यह है कि कलेक्टर इस ज्ञापन पर क्या निर्णय लेते हैं और बांदकपुर में बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को पूरा किया जाता है या नहीं। ज्ञापन सौंपने के अवसर परबांदकपुर पूर्व सरपंच पूना बाई अहिरवार, भूरा अहिरवार, योगेन्द्र कुशवाहा, राकेश सेन,कोमल अहिरवार,मोनू अहिरवार, दशरथ अहिरवार, अनरत, अहिरवार, मुकेश, अहिरवार, धनीराम, अहिरवार, राजाराम, अहिरवार की मौजूदगी रही ।

# मटकी फोड़ प्रतियोगिता में उमड़ी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर चंडी जी वार्ड में हरदौल चौक पर समीति द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो दिन तक चलता रहा। यह समीति विगत वर्षों से यह आयोजन कर रही हैं। 18 फुट ऊंची मटकी को फोड़ने वाली श्रद्धा वर्मन को 1100 रूपये का पुरूस्कार प्रदान किया गया। मटकी की ऊंचाई 18 फीट रखी गई थी जिसमें 10 सदस्यों की टोली लगाई गई और मटकी फूल एवं गुब्बारों से सजी हुई नजर आई। वहीं हरदौल चौक पर मनमोहक दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में पूर्व पार्षद बृजेंद्र राजपूत विशिष्ट अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग आयोग के जिला अध्यक्ष भोले सराफ उपस्थित रहे। वही मटकी फोड़ने के लिए कई टीमों ने प्रयास किया परंतु मटकी फोड़ने में असफल रहे वही मटकी फोड़ने के लिए हजारों की संख्या में लगातार दिनों तक लोग हरदौल चौक पर नजर आए वहीं दूसरे दिवस मटकी फोड़ने में श्रद्धा बर्मन गौरी शंकर वार्ड निवासी सफल रही इस बीच पुरस्कार के रूप में 1100 नगद एवं शील्ड विजेता टीम को प्रदान की गई । इस बीच समीति के पंडित श्री अजीत अवस्थी जी, श्री शिव शंकर कुशवाहा जी नारायण तंतुवाय शैलेंद्र सिंह राजपूत ,पुष्पेंद्र पाण्डे मोनू अशोक चंपी चौरसिया देवेंद्र विश्वकर्मा, राजेश तंतुवाय, टीकाराम विश्वकर्मा, प्रभु रजक, धर्मेंद्र सेन,यश रजक, कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन पुष्पेंद्र पांडे के द्वारा किया गया।

मंदिर शताब्दी महोत्सव में उमड़े भक्तजन

# मंगल भावना से ही सब मंगल मय होता है-ब्र.संजय भैया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

जब हम कण कण, जन जन के मंगल की भावना रखेगें तभी स्वयं का और जगत का मंगल होगा। मंगल की भावना केवल घर में ही नहीं आते जाते, अपने कार्यक्षेत्र में भी होनी चाहिए मंगल भावना की चार लाइन यदि अपनी दुकान पर भी लिखकर रखे जिस पर तुम्हारी और ग्राहक की नजर पडे, इससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। यह बात मुरैना से पधारे ब्रम्हचारी संजय भैया ने आज श्री पार्श्व नाथ दिगम्बर त्रिमूर्ति मंदिर में शताब्दी वर्ष महोत्सव पर चल रहे श्री सिद्धचक्र महा मण्डल विधान पूजन के दौरान कही। विधान के पांचवे दिन मंदिर जी में भक्तों के द्वारा संगीतमय पूजन के साथ सिद्धों को अर्घ्य समर्पित किये। नन्ही नन्ही अष्टकुमारियों के द्वारा किया जा रहा विधान, पूजन एवं आरती भी विधान को गरिमा प्रदान कर रहा है। सायंकाल श्रेष्ठीजनों के निवास से महाआरती आयोजन स्थल पहुंचती है। जहां सकल समाज के द्वारा सामूहिक संगीतमय आरती की जा रही है। श्रद्धालुओं की भीड़ निरंतर उमड़ रही है। आयोजन 23 अगस्त तक चलेगा।

## प्राइमरी स्कूल भवन की हालात जर्जर, पांचवीं तक की क्लास एक कमरे से संचालित हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

जनपद शिक्षा केंद्र जबेरा के प्राइमरी स्कूल हरदुआ सिगोरगढ़ मैं स्कूल भवन जर्जर हालत में हो गया है। स्कूल की 1 से 5 की क्लास है। एक ही कक्षा में संचालित की जा रही है। गनीमत यह है कि क्षतिग्रस्त स्कूल भवन के पास बच्चे खेलते रहते हैं अभी तक कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हो पाया है। क्योंकि क्षतिग्रस्त जर्जर स्कूल कभी भी धराशाई हो सकता है। और बड़ी घटना घटित हो सकती है। 1 से 5 तक की क्लास एक ही कमरे में संचारित की जा रही है। बताया जा रहा है क्लास में 26 बच्चे अध्यनरत हैं। शिक्षकों ने बताया जर्जर स्कूल भवन की जानकारी शिक्षा विभाग



के वरिष्ठ अधिकारियों को अनेकों बार दे दी गई थी। बावजूद इसके भवनों की मरम्मत कार्य की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। हेड मास्टर सतोष शुक्ला ने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा जर्जर भवन के विषय मे वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी कराया जा चुका है। जिला प्रशासन के अधिकारियों को चाहिए कि जल्द से जल्द जर्जर स्कूल भवन की मरम्मत और निर्माण पर ध्यान दें नहीं तो कभी भी एक बड़ी घटना हो सकती है।



### विरोधी पक्ष पर हत्या करके शव को पेड़ से लटकाने के आरोप

## युवक की मौत पर हंगामा, शव रखकर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पथरिया क्षेत्र में मंगलवार का दिन हंगामा प्रदर्शन भरा रहा। दरअसल सेमरा लोधी गांव निवासी युवक लखन अहिरवार का शव मंगलवार दोपहर गांव के पास एक खेत की मेड़ पर बबूल के पेड़ से लटका मिला था। जिस पर परिवार जनों ने मौके पर पहुंचते ही हत्या की आशंका जताना शुरू कर दी। दरअसल जिस युवक का शव फांसी पर लटकता मिला है उसके पिता की भी पूर्व में हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गवाही के पहले बेटे का शव पेड़ पर लटकता मिलने के बाद विरोधी पक्ष पर हत्या करके शव को पेड़ से लटकाने के आरोप लगाने शुरू कर दिए। बाद में पथरिया के संजय चौराहे पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया गया।

सूचना मिलने पर इसके बाद एसडीओपी प्रिया सिंधी और पथरिया आईटीआई अमित मिश्रा मौके पर पहुंचे और घंटे भर बाद परिजनों को जांच कार्यवाही का आश्वासन देकर जाम खत्म करवाया गया। इस दौरान मृतक के परिजनों ने पथरिया थाना के एक एएसआई के साथ धक्का मुक्की भी की। मृतक लखन अहिरवार की मां ममता ने बताया कि एक अगस्त को उनका बेटा प्रयागराज से दमोह आया था। सड़क किनारे उसने कुछ जमीन खरीदी कर दो कमरे बनाए थे जिनकी छपाई कर रहा था। 3 अगस्त को दोपहर 2 बजे घर से निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। कुछ दिनों तक हमने गांव में और कई जगह खोजबीन की जब वो नहीं मिली तो 13 अगस्त को पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस ने उनके बेटे को नहीं खोजा। मंगल वार को खबर मिली की बेटा पेड़ से लटका मिला है। उल्लेखनीय है कि करीब एक साल पहले मृतक लखन के पिता जमना की गांव में ही कुछ लोगों ने पत्थर पटककर हत्या कर दी थी। जिसका केस न्यायालय में चल रहा है। 18 अगस्त को कोर्ट में इस मामले में बेटे की गवाही थी और उसके पहले ही वह गायब हो गया था। इससे साफ है कि आरोपियों ने बेटे की हत्या की है। मृतक का शव कई दिन पुराना है, इसलिए फोरेंसिक एक्सपर्ट को बुलाया गया है। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मोबाइल, घड़ी और कपड़ों से मृतक की पहचान हुई है। पुलिस ने परिजनों को भरोसा दिलाया है कि उचित कार्रवाई की जाएगी। जो भी दोषी होंगे उन्हें छोडा नहीं जाएगा। मृतक शादीशुदा है उसके तीन बेटे हैं। वह करीब 8-10 साल से प्रयागराज में ही मजदूरी करता था और वही रहता था।

### ससुराल आए दामाद का पेड़ से लटका मिला शव

**तेजगढ़।** जिले के तेजगढ़ थाने के ग्राम पटेरिया में ससुराल आए दामाद का शव मंगलवार सुबह पेड़ से लटका मिला। पुलिस को जानकारी लगने पर शव को नीचे उतारकर मृतक के परिजनों को सूचना दी और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक घर से बिना बताए ससुराल आया था। परिजनों को जानकारी लगी तो वह भी हैरान रह गए। उन्होंने बेटे के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। मृतक युवक की पहचान सुखचैन पिता राजेश लगभग 30 वर्ष आदिवासी निवासी तारादही के रूप में हुई। मृतक के पिता और चाचा, चाची के साथ अन्य लोग भी तेंदूखेड़ा पहुंचे। जिनकी मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई की गई। मृतक के पिता राजेश आदिवासी ने बताया वह तारादेही थाने के मझगुवा गांव के निवासी हैं। मेरे पुत्र की शादी चार माह पहले तेजगढ़ थाना के पटेरिया गांव में भूपत आदीवासी की बेटी के साथ हुई थी। रक्षाबंधन के दूसरे दिन मेरे पुत्र सुखचैन ने दादी के गले का हार लिया और अचानक गायब हो गया। उसके दूसरे दिन मेरा फोन पानी में गिरने से खराब हो गया। बड़ी बहु के यहां डिलेवरी होनी है इसीलिए में दो दिन से तेंदूखेड़ा में रुका हूं। बेटा अपनी ससुराल गया इसकी सूचना मुझे मंगलवार सुबह मिली जब उसका शव पेड़ पर लटके होने की जानकारी आई थी। वह ससुराल में था, लेकिन किसी ने इसकी मुझे सूचना नहीं दी। उसके शरीर पर मारपीट के निशान भी है। हम लोगों को संदेह है कि उसके साथ पहले मारपीट की गई फिर हत्या कर पेड़ पर लटका दिया। जिस जगह सुखचैन पेड़ से लटका था उससे पचास कदम दूर उसकी सुसराल है। हमें संदेह है कि भतीजे की हत्या की गई है। इसलिए पूरी जांच निष्पक्ष की जाये। मृतक के ससुर ने बताया उनका दामाद मंगलवार को अपनी सुसराल आ गया थे। अच्छे से रह रहे थे और सोमवार की रात अच्छे भले सोये थे। फिर रात में कब गायब हो गये किसी को पता नहीं चला। सुबह उठे और देखा तो उनका शब पेड़ से लटका हुआ था।

## विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो अभियान शुरू



**दमोह।** स्वदेशी जागरण मंच जिला दमोह की आवाहन पर दमोह के हृदय स्थल घंटाघर पर सभी व्यापारी संगठनों द्वारा एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो अभियान की शुरुआत की गई। विदेशी कंपनियां भागो स्वदेशी बचाओ अभियान के अंतर्गत एक अहम कदम में दमोह के सभी व्यापारी संगठनों ने अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, वालमार्ट जैसी ऑनलाइन शॉपिंग कंपनियों का एवं विदेशी प्रोडक्ट्स के पुतला दहन कर जन जागरण किया। इस कार्यक्रम में सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, संगठन से जुड़ी पदाधिकारी ने कहा कि यह देशहित का कार्य है अधिक और अधिक से अधिक लोग अपने परिवार मित्रों व पड़ोसियों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल होकर स्वदेशी की भावना को मजबूती प्रदान करें। इस कार्यक्रम में गायत्री परिवार, भारत विकास परिषद, संस्कार भारती, पर्यावरण गतिविधि दमोह, विश्व हिंदू परिषद की मातृ शक्तियां, तथा अन्य व्यापारिक संगठन जैसे किराना व्यापारी संघ, सराफा, रेडीमेड थोक कपड़ा, फुटवियर, कनफेडरेशन का ऑल इंडिया ट्रेडर्स, युवा व्यापारी संघ, रिटेल मोबाइल एसोसिएशन इत्यादि संगठनों की उपस्थिति रही।

## नोहटा में खेल मैदान निर्माण में गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल

**बनवार।** दमोह जिले के नोहटा में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से खेल मैदान का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण कार्य को लेकर कुछ आरोप लगाए गए हैं जिसमें कहा गया है कि निर्माण एजेंसी द्वारा घटिया और गुणवत्ता हीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। आरोपों के अनुसार, निर्माण में घटिया पलुआ रेत का उपयोग किया जा रहा है जो स्थानीय नदी से प्राप्त की जा रही है। इसके अलावा सीमेंट और रेत का अनुपात भी सही नहीं होने का आरोप लगाया गया है। बनवासी विकास परिषद महाकौशल प्रांत के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट उम्मेद सिंह लोधी ने इस मामले में जिम्मेदार विभागीय कर्मचारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जो घटिया निर्माण कार्य हो चुका है उसे गिराकर अच्छी सामग्री का उपयोग कर पुनः निर्माण कराया जाना चाहिए। इस मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## 21 अगस्त से प्रारंभ होगी एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग

**दमोह।** जिले के विद्यार्थियों और युवाओं के लिए एमपी पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा की निःशुल्क तैयारी हेतु विशेष कोचिंग कक्षाएं 21 अगस्त से आदर्श महाविद्यालय में प्रारंभ की जा रही हैं। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्रोफेसर डॉ. रश्मि जेता ने बताया चयनित विद्यार्थियों के लिए यह कक्षाएं प्रतिदिन दोपहर 03 बजे से 05 बजे तक आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आदर्श महाविद्यालय तक आने-जाने हेतु वाहन की व्यवस्था की गई है, जो दोपहर 2:45 बजे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस से प्रस्थान करेगा तथा शाम 5:15 बजे आदर्श महाविद्यालय से वापस लौटेगा। प्रोफेसर डॉ. जेता ने बताया प्रत्येक सप्ताह गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को विषय-विशेषज्ञों द्वारा कक्षाएं ली जाएंगी। एक दिन में निर्धारित तीन कक्षाएं ली जाएंगी।

## आयरन की गोली अत्यंत आवश्यक-कलेक्टर

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलाई एवं शासकीय हाई स्कूल हिरदेपुर पहुँचे। इस दौरान उन्होंने स्वयं छात्रों के साथ आयरन की गोली खाई एवं बच्चों को प्रति सप्ताह नियमित रूप से आयरन की गोली सेवन करने के लिये प्रेरित किया। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा बच्चों में खून की कमी को दूर करने तथा एनीमिया से बचाव के लिए आयरन की गोली अत्यंत आवश्यक है।

## मुहम्मद कल्लू पठान का इंतकाल

**हटा।** नगर के प्रतिष्ठित पठान परिवार से छोटी मस्जिद के पास कमला नेहरू वार्ड निवासी सलीम उर्फ गुड्डू पठान शिक्षक, शकील खान, रौजा पठान के पिताजी जनाब मोहम्मद शफी उर्फ कल्लू पठान 83 साल की उम्र में सोमवार की शाम अलविदा हो गए। जिनके जनाजे में नगर के सभी वर्गों के लोगों ने सम्मिलित होकर अंधियारा बगीचा स्थित कब्रस्तान पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

## 'सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह' के तहत कलेक्टर गोल्ड मेडल से होंगे सम्मानित

**दमोह।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में "सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह" के अंतर्गत सम्मान समारोह आज 20 अगस्त को प्रातः 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेशन सेंटर भोपाल में आयोजित किया गया है। दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जायेगा। सम्मान समारोह में भाग लेने के लिये मुख्यालय छोड़ने की अनुमति राज्य शासन द्वारा प्रदान की गई है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिले के सभी संबंधित विभाग स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग इन सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के टीम वर्क का ही नतीजा है, कि संपूर्णता अभियान के अंतर्गत दमोह जिले को गोल्ड मेडल मिला है, जिले के साथ विकासखंड को भी गोल्ड मेडल मिला है, डबल गोल्ड मेडल मिले हैं मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी हमारे अधिकारी, कर्मचारी टीम वर्क के साथ जनता के हित के लिए कार्य करते रहेंगे। ज्ञातव्य है नीति आयोग भारत सरकार की जो आकांक्षी परियोजना है उसमें दमोह आकांक्षी जिला है और तेंदूखेड़ा आकांक्षी विकासखंड है और जुलाई से सितंबर तक पिछले वर्ष संपूर्णता अभियान चलाया गया था, उस संपूर्णता अभियान में 06 अलग-अलग पैरामीटर्स पर कार्य किया जाना था, जो पैरामीटर्स शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि से संबंधित थे तो सभी 06 इंडीकेटर्स पर 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के कारण न केवल दमोह को आकांक्षी जिले के रूप में बल्कि तेंदूखेड़ा को भी आकांक्षी विकास खंड के रूप में गोल्ड मेडल प्राप्त के साथ प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। नीति आयोग के द्वारा चलाए गए संपूर्ण अभियान में शत-प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने में दमोह जिला और तेंदूखेड़ा विकासखंड को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। विदित हो कि नीति आयोग के द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास, कृषि एवं आजीविका मिशन को लेकर एक विशेष अभियान प्रारंभ किया था। योजना के लिए तय किए गए मानक जिसमें 6-6 पैरामीटर निर्धारित किए गए थे उन सभी में मध्य प्रदेश में सबसे बेहतर कार्य दमोह जिला और तेंदूखेड़ा विकासखंड ने किया है। दमोह जिला और तेंदूखेड़ा विकासखंड दोनों ही आकांक्षी जिला और आकांक्षी विकासखंड के अंतर्गत चयनित हैं।

## जनसहयोग से कलेक्टर ने साहिल को दिलाया लैपटाप

### दृष्टिबाधित साहिल खान की वर्षो पुरानी मांग जनसुनवाई में पूरी हुई

**दमोह।** दमोह नगर के शोभानगर निवासी दृष्टिबाधित साहिल खान जनसुनवाई में बड़े प्रसन्न नजर आये, उनकी वर्षो से लैपटाप की मांग आज कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पूरी कर दी। दृष्टिबाधित साहिल कहते हैं मैने वर्ष 2019 में ₹मुख्यमंत्री निशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना₹ के अंतर्गत लैपटाप के लिये आवेदन किया था। योजना के अनुसार सरकार द्वारा कक्षा नवमीं में 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विशेष योग्य विद्यार्थियों को लैपटाप प्रदान किया जाता है। लैपटाप नहीं मिलने से अभी तक में निराश था। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में दृष्टिबाधित साहिल खान ने लैपटाप के लिये पुनः आवेदन कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री कोचर ने साहिल की परेशानी को समझा और संबंधित अधिकारी से इस संबंध में चर्चा कर तुरंत लैपटाप उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। लैपटाप मिलते ही साहिल की खुशी देखते ही बनती थी, वह इतने प्रसन्न थे जैसे उनकी वर्षो की मांग जिला प्रशासन ने एक ही पल में पूरी कर दी। दृष्टिबाधित साहिल खान कहते हैं मेरा अभी बी.ए फाइनल ईयर कंप्लीट हुआ है और एम.ए फर्स्ट ईयर में एडमिशन लिया है, मैं चित्रकूट यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रहा हूं और आज मैं कलेक्टर कार्यालय आवेदन लेकर आया था कि मुझे अभी तक लैपटॉप नहीं मिला है, मैने मुख्यमंत्री दिव्यांग प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मिलने वाले लैपटॉप के लिए आवेदन किया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई थी, मैने दोपहर में कलेक्टर कार्यालय में आवेदन किया था और शाम को मुझे लैपटॉप मिल गया है। बहुत खुशी हो रही है इतनी कठिनाइयों के बाद यह लैपटॉप मिला है, इससे पढ़ाई करने में आसानी होगी मैं जिला प्रशासन और कलेक्टर सर धन्यवाद करना चाहूंगा । कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यह छात्र 75 प्रतिशत से अधिक दृष्टिबाधित है, जब विभाग से इस बारे में बात की तो उन्होंने बताया कि कोई आवेदन हमने नहीं देखा, छात्र की विशेष परिस्थिति को देखते हुए जन सहयोग से छात्र को लैपटॉप तुरंत दिलाने का निर्णय लिया है, आज ही जनता की दान राशि उसे लैपटॉप दिया गया।

## अनियंत्रित ऑटो पलटने से आधा दर्जन लोग घायल

**दमोह।** जिले के हटा थाना क्षेत्र के पड़री गांव के समीप देर रात सवारियों से भरा एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ऑटो में सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए है। परिजनों की मदद से घायलों को निजी वाहन से हटा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद ड्यूटी डाक्टर ने दो गंभीर घायल हरि बाई एव भरत को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया है। अन्य घायलों का इलाज हटा सिविल अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार घायलो में भरत सिंह, भुजवल सिंह, पुष्पाबाई लोधी और हरिबाई लोधी, द्रोपती, गेंदारानी, संपत बाई लोधी शामिल हैं। सभी घायलो को प्राथमिक उपचार दिया गया।घायलों ने बताया कि ऑटो में सवार सभी लोग इटवा हीरालाल गांव निवासी हैं जो दमोह के बालाकोट के पास खजूरा गाँव से शौक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। भरत ऑटो चला रहा था तभी अचानक पड़री के पास ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे यह हादसा हुआ है।

## खाद की आपूर्ति पर्याप्त नहीं होने से किसान परेशान

**पथरिया।** शासन द्वारा एक तरफ किसानों के लिए खाद पर्याप्त उपलब्ध होने की बात कही जा रही है वहीं किसान जब डबल लाक गोदाम में खाद लेने के लिए पहुंच रहें तो एक बही पर 2 बोरी दी जा रही है। ऐसे में जिन किसानों के बड़े रकवा की बही हैं उनके लिए भी 2-2 बोरी मिल रही है ऐसे में किसानों को जितनी आवश्यकता है। उतनी मात्रा में खाद उपलब्ध नही हो पा रहा है वहीं विगत 2 दिनों पहले ही डीएपी खाद आया पर वह भी 2 बोरी के हिसाब से मिल रहा। वही कुछ किसानों का कहना है कि हम लोगों को ठीक लाइन में खड़े होकर लें लेंगे पर क्या जिन किसानों के बड़े रकवा है और जनप्रतिनिधियों के चहेते हैं उनके लिए भी यही नियम लागू है या फिर सिर्फ आम किसानों के लिए क्योंकि अभी तक किसी भी गोदाम पर कोई भी ऐसा किसान लाइन में नही दिखा जो जनप्रतिनिधियों के संपर्क में हैं। जो चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब नियम कोई बना तो उसका बराबर से पालन होना निश्चित ही प्रशासन की मंशा है पर क्या सच में ऐसा हो रहा।

## स्कूलों में खिलाई जा रही आयरन की गोली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

सामु. स्वास्थ्य पटेरा के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर.के. अठिया जी के आदेशानुसार ब्लॉक पटेरा के अंतर्गत डॉ. आर. आर. बागरीजी के नेतृत्व ग्राम ग्राम लुहारी एवं ग्राम मझगुआ पतोलके प्राइमरी, मिडिल, एवं हाई स्कूल के बालकों /बालिकाओं के लिए स्कूल में खिलाई जा रही गोली की जानकारी ली गई। इसके साथ ही एनीमिया क्या है इसके संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। एनीमिया एक व्यापक स्वास्थ्य संबंधी समस्या है जो बच्चों का पूरा जीवन चक्र प्रभावित होता है जिसमें एच.बी. कम होने से खून में ऑक्सीजन का प्रवाह कम होने के कारण एनीमिया से ग्रसित होते हैं। इसके साथ ही एनीमिया के कारण अल्प व दीर्घ कालिक प्रभाव एनीमिया के संकेत सामान्य लक्षण एवं गंभीर लक्षण की जानकारी के साथ एनीमिया को रोकने के तरीके बताएं जिसमें पोस्टिक आहार अति आवश्यक है। इसके साथ ही प्रत्येक मंगलवार को आयरन की गोली नियमित लेना जरूरी है। एनीमिया के अन्य कारकों के बारे में भी जानकारी दी गई जैसे खुले में शौंच,हाथों की सफाई साबुन से न करना, गंदे पानी का सेवन करना पौस्टिक आहार न लेना इन आदतों को सुधारने के लिए समझाईस दी गई। इस अवसर पर डॉ. बसंत लोड़कर, A.M.O. (RBSK) प्रमोद तंतुवाय बी. ई. ई., दीपमाला सैनी काउंसलर RBSK, कमोद अहिरवार,सुपरवाइजर गीता उपाध्याय आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्कूल में सभी प्राचार्य एवं प्रधान अध्यापक का सराहनीय योगदान रहा।

## योग निद्रा शिविर में कराया जा रहा योग निद्रा अभ्यास





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर तेन्दूखेड़ा के आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र(गौशाला) में तारण तरण दिगम्बर जैन मंदिर में वर्षावास कर रहे पूज्य अध्यात्मरत्न इतिहास रत्नाकर बाल ब्रम्ह. बसंत महाराज जी के सान्निध्य में एक विशेष योग शिविर योग निद्रा शिविर का आयोजन 18 अगस्त से 20 अगस्त 2025 तक किया जा रहा है। गौशाला में आयोजित शिविर में शिविरार्थीयो को महाराज श्री ने बताया कि- यह शिविर आपके तन, मन और आत्मा को शुद्ध करने के साथ-साथ आपके जीवन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इसलिये शिविर के बाद भी इसका निरन्तर अभ्यास जरूरी है,योग निद्रा योगभ्यास की वह प्रक्रिया है जिसमे- हमारे शरीर को थकान,चिंता से मुक्त होकर अपने आनन्द में रमने का अवसर है। इस शिविर में भाग लेकर आप अपने जीवन में अद्भुत परिवर्तन महसूस करेंगे। योग और ध्यान के माध्यम से आप अपनी आत्मशक्ति को जागृत कर सकते हैं और जीवन में आने वाली कठिनाइयों का समाधान पा सकते हैं। इस अवसर पर बाल ब्रम्ह.बसंत जी महाराज के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से इस त्रिदिवसीय शिविर में महाराज श्री द्वारा प्रतिदिन प्रातः 06 बजे से 07 बजे तक योग निद्रा आसन का अभ्यास कराया जा रहा हैं। तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय कमेटी के मीडिया प्रभारी शुभम जैन ने बताया कि-शिविर में शिविरार्थी के रूप में जैन समाज के साथ ही नगर के हर समाज वर्ग से सामाजिक सँघटनो के सदस्य, प्रबुद्ध जन, व्यवसायी, सेवानिवृत्त कर्मचारी, युवा समूह सहित सर्व समाज के लोग सम्मलित हो रहे है,शिविर का उद्द्येश्य आयोजन वसुधैव कुटुम्बकम की प्रेरणा को लेकर विश्व के कल्याण हो इसी भावना के तहत किया गया है।